# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

**सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 24.09.2023**

**1. थाना सेक्टर-39 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा लूट करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार व एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। कब्जे से अवैध शस्त्र व 31000 रूपये नगद लूटी गयी धनराशी, 01 चोरी की मो0साईकिल,लूटे गये 13 मोबाईल फोन व घटना मे प्रयुक्त गाडी होण्डा अमेज तथा स्विफ्ट डिजायर सफेद रंग बरामद।**

**घटना क्रम का विवरण---** थाना सेक्टर-39 नोएडा पुलिस द्वारा दिनाँक 24.09.2023 को सुलभ शौचालय सेक्टर-37 दादरी रोड के पास से गाड़ी में बैठाकर लूट करने वाले 02 अभियुक्त 1. आदित्य खारी पुत्र विजेन्द्र खारी 2. अंशुल पुत्र मंगूलाल को गिरफ्तार किया गया व एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया।

**घटना का विवरण----** अभियुक्तों द्वारा बताया कि दिनांक 18.9.23 व दिनांक 21.9.23 व दिनांक 14.9.23 को सैक्टर-37 चौराहा नोएडा से हम लोगों ने सवारियों को गाडी में लिफ्ट देकर उनसे नगदी छीनकर उसका मोबाइल लेकर पेटीएम/एटीएम के द्वारा भी रूपया ट्रांजेक्शन कर लिया था।

**अपराध करने का तरीका-----**अभियुक्तों से गहन पूछताछ करने पर उन्होने बताया कि हम लोग जूम ऐप के माध्यम से 24 घण्टे के लिये गाड़ी रेन्ट पर लेते हैं, दिन में हम लोग उसी गाडी में घूमफिकर मौज मस्ती करते हैं, रात्रि के दौरान हम लोग उसी गाड़ी से नोएडा, गौतमबुद्ध नगर में अलग-अलग स्थानों पर राह चलते व्यक्तियों से रात्रि में सवारियों को आवागमन हेतु उनको जूम ऐप से ली गयी गाड़ी में बैठाकर रास्ते मे जाते हुए मौका पाकर जबरदस्ती गाड़ी मे ही उनकी जेब से रुपये तथा एटीएम छीन लेते हैं तमंचा दिखाकर डरा धमका कर उनसे एटीएम /मोबाईल का पासवर्ड पूछ कर उनके खाते से सारे रुपए निकाल लेते हैं। जिस दिन हमको जूम एप्प से गाडी नही मिलती है उस दिन चोरी की मोटर सायकिल अपाचे पर सवार होकर लूट की घटना करते हैं। अभियुक्त आदित्य़ खारी व अभियुक्त अंशुल ग्रेजुएट पास है।

**यात्रियो द्वारा बरती जाने वाली सावधानियो के सम्बन्ध मे आवश्यक दिशा निर्देश---**

कभी भी किसी प्राइवेट गाडी से लिफ्ट न लें।

अगर किसी गाडी में दो-तीन लडके बैठे हो उसका प्रयोग कदापि नही करें।

हमेशा पब्लिक ट्राँसपोर्ट का ही इस्तेमाल करें। अगर ऐप बेस्ड कैब बुक कर रहे है तो सबसे सेफ, लेकिन किराये पर भी कैब बुक कर रहे है तो बैठने से पहले गाडी के नम्बर की फोटो खीचकर अपने किसी परिजन को जरूर भेजें। ताकि कल को कोई अप्रिय स्थिति हो तो ड्राईवर को नम्बर के जरिये ट्रेस कर सके।

मोबाईल के साथ मौजूद डायरी मे या एटीएम कवर पर कभी UPI PIN/ DEBIT CARD PIN/ NET BANKING PASSWORD लिख कर रखने से बचे।

गाडी में बैठते ही ड्राइवर का नम्बर लेकर उस पर कॉल करके देख लें कि यह नम्बर ड्राइवर के पास ही है तथा उस नम्बर को अपने परिजन को भेज दें।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण----**

1. आदित्य खारी पुत्र विजेन्द्र खारी नि0 ग्राम सलेम पुर खारी थाना नांगल बचीती जिला सहारनपुर हालपता शर्मा डेयरी के पास दीपचन्द शर्मा के मकान में ग्राम सलारपुर थाना सैक्टर 39 नोएडा उम्र करीब 19 वर्ष।
2. अंशुल पुत्र मंगुलाल नि0 कस्बा अली गंज पीडिएस स्कूल के पास थाना अलीगंज जिला ऐटा हालपता मामूरा सैक्टर 66 बीकानेर स्विट के पास निकेत नमन के मकान में किराये पर नोएडा थाना सैक्टर 63 नोएडा उम्र करीब 18 वर्ष।
3. 01 बाल अपचारी।

**आपराधिक इतिहास----**

1-मु0अ0स0 659/23 धारा 414 भादवि व 3/ 25 आर्म्स अधिनियम थाना सेक्टर-39 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
2-मु0अ0स0 656/23 धारा 392/411 भादवि थाना सेक्टर-39 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
3-मु0अ0स0 654/23 धारा 392/411 भादवि सेक्टर-39 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
4- मु0अ0सं0 639/23 धारा 392/411 भादवि थाना सेक्टर-39 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
5- मु0अ0सं0158/23 धारा 379/411 भादवि थाना सेक्टर-24 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण----**

- 31000 रूपये नगद लूटी गयी धनराशी
- 1 अदद तमंचा 315 बोर व 2 जिंदा कारतूस 315 बोर
- गाडी होण्डा अमेज रजि0 नं0 DL14CD2088
- स्विफ्ट डिजायर सफेद रंग नं0 UP65DS9080
- चोरी की एक अपाचे मोटर साईकिल नं0 DL5SAM5191
- लूटे गये 13 मोबाईल

(1) OPPO COLOR NAVY BLUE IMEI 865392062863498 / 865392062863480
(2) ONE PLUS COLOR GREY IMEI 861034066321230 / 8610340661222
(3) OPPO COLOR BLUE RED चैक किया गया तो फोन बन्द मिला
(4) OPPO COLOR RED IMEI चैक किया गया तो फोन बन्द मिला
(5) LAVA COLOR GREEN IMEI चैक किया गया तो फोन बन्द मिला
(6) REALME मोबाईल रंग ब्लू चैक किया गया तो फोन बन्द मिला
(7) एमआई मोबाईल चैक किया गया तो फोन बन्द मिला
(8) TECHNO SPARK COLOR BLUE BLACK IMEI 356560546386809 / 356560546386817
(9) SAMSUNG COLOR BLACK IMEI 356352448732193 / 356967148732191
(10) SAMSUNG COLOR BLUE IMEI 358467097018958 / 358462097018956
(11) REDMI COLOR BLACK चैक किया गया तो फोन बन्द मिला
(12) REALME COLOR BLUE
(13) सैमसंग मोबाईल IMEI नं0 350973424909731 / 350973424909730

## 2. थाना सेक्टर 20 पुलिस द्वारा 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से 02 लैप-टॉप चोरी के बरामद।

**घटना क्रम का विवरण----** दिनांक 24.09.2023 को थाना सेक्टर 20 नोएडा पुलिस द्वारा 01 चोर (1) दिनेश कुमार पुत्र देवेन्द्र कुमार उम्र 42 वर्ष लगभग को सैक्टर 16 मैट्रो स्टेशन के नीचे से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त उपरोक्त से घटना के संबंध में पूछताछ की गई तो अभियुक्त द्वारा बताया कि साहब यह लैपटॉप मैंने जुलाई में डीकैथलॉन स्टोर से चोरी किए थे। अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना सेक्टर-20, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पर मु0अ0स0 411/2023 धारा 380/411 भादवि पंजीकृत किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण----** दिनेश कुमार पुत्र देवेन्द्र कुमार उम्र 42 वर्ष लगभग निवासी ए-46 चन्दन विहार विकास विहार थाना निहाल विहार दिल्ली हालपता ग्राम खुनखुना थाना खुनखुना जिला नागौर राजस्थान।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण----** मु0अ0स0 0411/2023 धारा 380/411 भादवि थाना सेक्टर-20, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण----** 02 लैपटॉप डेल कम्पनी के बरामद हुए हैं।